**विचारणीय शर्तें**

**परामर्शदाता / वरिष्ठ परामर्शदाता-राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की ओर से उपर्युक्त पद पर पूर्णत: संविदात्मक आधार पर योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित कर रहा है।

**भूमिकाएं और उत्तरदायित्व:**

- सलाहाकारों को आवंटित राज्य के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम समन्वय समिति (एनपीसीसी) के समक्ष रखने के लिए राज्यों के कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) पर उनके इनपुट/टिप्पणियों को सम्मिलित करने के लिए मंत्रालय के कार्यक्रम प्रभाग के साथ समन्वय।
- स्वास्थ्य, स्वास्थ्य परिचर्या वित्तपोषण, गुणवत्ता आश्वासन मूल्यांकन, सार्वजनिक निजी भागीदारी, गर्वेनस आदि के लिए स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण मानव संसाधन से संबंधित क्षेत्रों में तकनीकी सहायता प्रदान करना।
- वार्षिक पीआईपी का मूल्यांकन और विश्लेषण तथा एनयूएचएम कार्यक्रम घटकों के अनुमोदन के लिए फीडबैक प्रदान करना।
- शहरी स्वास्थ्य प्रणाली, स्वास्थ्य आवश्यकताओं से संबंधित यूचना का व्यवस्थित संग्रह, प्रलेखन व प्रस्तुतीकरण तथा निर्णय निर्माताओं को सूचना सामग्री प्रदान करना।
- शहरी स्वास्थ्य प्रभाग को समीक्षा, मॉनीटरिंग व एनयूएचएम कार्यक्रम विश्लेषण और व्यय घटकों में सहायता करना।
- एचएमआईएस से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण और निर्णय निर्माताओं के लिए उक्त का प्रस्तुत करना।
- नियमित आधार पर अल्प क्रियाशील राज्यों/जिलों शहरों की क्षेत्रीय मॉनटरिंग शहित सहायक निगरानी और समवर्ती निगरानी पहलों को करना।
- तकनीकी ब्रीफ, रिपोर्ट, मामलों के अध्ययन आदि सहित प्रचार सामग्रियों के लेखन में योगदान।
- भारत के कम क्रियाशील जिलों में विकेन्द्रित योजना और स्वास्थ्य प्रणालियों के सुदृढ़ीकरण के लिए तकनीकी सहायता।
- शहरी स्वास्थ्य योजनाओं के विकास के लिए तथा योजनाओं को समीक्षा व सुधार के लिए महामारी विज्ञान और एचएमआईएस इनपुट्स दोनों का प्रयोग करके राज्य, जिला और शहरी स्तर पर क्षमता निर्माण। कम क्रियाशील राज्यों द्वारा यथा आवश्यक बजट और वित्तीय योजना।
- अध्ययन/मूल्यांकन प्रोटोकॉल का विकास करना और शुरू करना तथा अध्ययन मार्गनिर्देश।
- केंद्र और राज्यों में समय-समय पर स्वीकृत होने वाले अपने लक्ष्यों और एनयूएचएम के कार्यान्वयन के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करना।
- संदर्भ की शर्तों को तैयार करना, प्रस्ताव आवेदन आमंत्रित करना आदि सहित राज्य और जिला प्रशासन के लिए तकनीकी सहायता इनपुट्स जुटाना।
- रिपोर्ट कर्ता प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर सौपें गए अन्य कार्यों को करना।

**वरिष्ठ परामर्शदाता के मामले में अन्य उत्तरदायित्व:**

- स्थिरता और तालमेल के लिए कार्यक्रम प्रभागों से इनपुट का विश्लेषण, घटक वार बजटों की समीक्षा, मानदंडों का पालन सुनिश्चित करना और एनपीसीसी की बैठकों में चर्चा के लिए अंतिम पीआईपी के संशोधन के लिए यथा आवश्यक राज्यों को इनपुट्स प्रदान करना।
- राज्यों में कार्यक्रम कार्यान्वियन की समीक्षा के लिए राज्यों और जिलों का आवधिक क्षेत्रीय दौरें करना, उचित समाधान तैयार करने में राज्यों की सहायता व कार्यान्वियन चुनौतियों को पहचानना अथवा राज्यों (एसएचआसी, शैक्षणिक या अनुसंधान एजेंसियों) अथवा राष्ट्रीय स्तर पर; एनएचएसआरसी, टीआईएस, पीएचएफआई आदि में तकनीकी इनपुट्स के लिए उपयुक्त संस्थानों के लिए समर्थित लिकेंज।
- कनिष्ट परामर्शदाताओं को उनके प्रथम वर्ष में पीआईपी समन्वय कार्य और आंकडों के विश्लेषण में सलाह देना।
- कार्यान्वयन में सुधार की जानकारी देने के लिए क्षेत्र समीक्षा दौरों का विश्लेषणात्मक प्रलेखन करना।
- राज्यों और जिलों में श्रेष्ठ प्रथाओं और नवाचारों को पहचानना तथा नवाचार पोर्टल पर इन प्रलेख को अपलोड करने में सहायता देना।
- साहित्य की समीक्षा करना और स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण में प्रचलित व्यवहारों पर अद्यतित रहना।
- तकनीकी सहायता और कार्यक्रम निरीक्षण के साधन के रूप में आंकड़े व क्षेत्रीय निष्कर्षों का उपयोग करके राज्यों में प्रगति के आवधिक सारांश प्रदान करना।

**पात्रता:**

- स्नातकोत्तर अथवा सार्वजनिक स्वास्थ्य, सामुदायिक स्वास्थ्य, निवारक और सामाजिक चिकित्सा में उच्च योग्यता। एमबीबीएस वांछनीय है। स्वास्थ्य परिचर्या वित्तपोषण के लिए एमबीए (वित्त) अथवा सीए आवश्यक योग्यता है।
- स्वास्थ्य प्रणालियों अथवा सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रकाशित कार्य।
- परामर्शदाता- सार्वजनिक स्वास्थ्य परियोजनाओं के स्वास्थ्य प्रणाली अनुसंधान अथवा योजना अथवा कार्यान्वयन में योग्यता के बाद कम से कम 2 वर्ष का कार्य अनुभव।
- वरिष्ठ परामर्शदाता- सार्वजनिक स्वास्थ्य परियोजनाओं के स्वास्थ्य प्रणाली अनुसंधान अथवा योजना अथवा कार्यान्वयन में योग्यता के बाद कम से कम 5 वर्ष का कार्य अनुभव।
- संबंधित आंकडे और दस्तावेजों को ढूंढने के लिए जैसे एमएस वर्ड, एक्सेल, पावर प्वाइंट व वेब सर्फिंग जैसे सामान्य रूप से उपयोग किए जाने वाले पैकेज की उच्च स्तर की जानकारी के कंप्यूटर में दक्षता।
- उत्कृष्ट संचार और प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक और पारस्परिक क्षमताओं, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संचार कौशल। हिंदी भाषा का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।
- किसी बहु-विषयीय दल परिवेश में कार्य करने की प्रदर्शित क्षमता।
- क्षेत्र स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रमों को प्रचालनात्मक बनाने/जिला स्तर की स्वास्थ्य योजनाओं को सुदृढ़ बनाने में कार्य करने का प्रदर्शित अनुभव।
- तकनीकी सहायता प्रदान करने, राज्यों तथा जिलों की यात्रा करने की तत्परता और कार्यों की समय-सीमा को पूरा करने हेतु विभिन्न कार्यों को एक साथ करने की क्षमता हो।
- राष्ट्रीय अथवा राज्य स्तर पर एनएचएम में कार्य किए हुए उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।
- औपचारिक शैक्षिक योग्यता और अनुभव में तभी छूट दी जा सकेगी यदि प्रकाशित गुणवत्ता कार्य अथवा विशिष्ट प्रासंगिकता के कार्य अनुभव का साक्ष्य हो।
- स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, स्वास्थ्य परिचर्या वित्तपोषण, गुणवत्ता सुधार, सामुदायिक प्रक्रियाएं, स्वास्थ्य सूचना प्रणाली, मॉनीटरिंग और मूल्यांकन, सार्वजनिक निजी भागीदारी, गर्वेनस आदि।

**आयु सीमा:** 45 वर्ष की आयु तक (आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख को)

**स्थान:** नई दिल्ली राज्यों और जिलों में यात्रा की यात्रा के लिए तत्परता।

**पारिश्रमिक सीमा:**
परामर्शदाता: 60,000/- रु. से 1,20,000/- रु. के बीच (प्रतिमाह)
वरिष्ठ परामर्शदाता: 90,000/- रु. से 1,50,000/- रु. के बीच (प्रतिमाह)

**आवेदन करने के लिए:**
अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **9-Sep-2020** तक nuhm.recruitments@gmail.com पर **केवल** ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद **(परामर्शदाता या वरिष्ठ परामर्शदाता)** का **विशेष रूप से** उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।